माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल
ई–मेल : mpbse @ mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in
☎ : कार्या:– (0755) 2551650, 2761567
फैक्स – (0755) 2551499, 2552061

क्रमांक/195 /परीक्षा समन्वय/2010–11 भोपाल दिनांक: 04/06/2011

//आदेश//

मण्डल द्वारा संचालित वर्ष 2011 की डिप्लोमा इन एज्यूकेशन परीक्षा नियमित/पत्राचार परीक्षा प्रथम/द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थियों की परीक्षा 06 जून से 11 जून 2011 तक आयोजित करने हेतु परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त परीक्षा कार्यक्रम निरस्त किया जाता है। डी एड द्वितीय वर्ष की परीक्षा दिनांक 11.07.2011 से 16.07.2011 तक निम्नानुसार आयोजित की जाएगी:–

| समय दोपहर 2.00 से 5.00 TIME : Afternoon 2.00 pm to 5.00 p.m | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सातवां प्रश्न पत्र | आठवां प्रश्न पत्र | नौवां प्रश्न पत्र | दसवां प्रश्न पत्र | ग्यारहवां प्रश्न पत्र | बारहवां प्रश्न पत्र |
| सोमवार MONDAY 11/07/2011 | मंगलवार TUESDAY 12/07/2011 | बुधवार WEDNESDAY 13/07/2011 | गुरूवार THURSDAY 14/07/2011 | शुक्रवार FRIDAY 15/07/2011 | शनिवार SATURDAY 16/07/2011 |
| शिक्षा मनोविज्ञान | पोषण, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा | द्वितीय भाषा अंग्रेज़ी तथा उसकी शिक्षण विधियां | तृतीय भाषा एवं उसकी शिक्षण विधियां | सामाजिक विज्ञान एवं उसका शिक्षण | विज्ञान तथा पर्यावरणीय शिक्षा एवं उसका शिक्षण |

***प्रथम वर्ष डी एड परीक्षा 2011 की तिथियां बाद में घोषित की जाएगीं।***

इस वर्ष डी एड द्वितीय वर्ष 2011 की परीक्षा के आवेदन पत्र केवल ऑन लाईन ही स्वीकार किये जाएगें। जो **दिनांक 06.06.2011 से 15.06.2011 तक भरे जा सकेगें।**

डी एड द्वितीय वर्ष (प्रथम अवसर) परीक्षा वर्ष 2011 में सम्मिलित होने हेतु केवल वर्ष 2010 में डी एड प्रथम वर्ष उत्तीर्ण अभ्यार्थी ही पात्र होंगे। सत्र 2010–11 में डी एड द्वितीय वर्ष परीक्षा में सम्मिलित हो रहे परीक्षार्थी मण्डल के पूर्व प्रचलित पाठ्यक्रम (परीक्षा योजना) के तहत प्रवेशित अभ्यार्थी है। डी एड द्वितीय वर्ष परीक्षा वर्ष 2011 में उक्त परीक्षार्थियों की परीक्षा पुराने पाठ्यक्रम एवं परीक्षा योजना के तहत ही आयोजित की जायेगी तथा इन परीक्षार्थियों पर मण्डल के आदेश क्रमांक 4309–10/प.स. डीएड/2010 दिनांक 20.2.2010 के संशोधित प्रवेश बिन्दु 06 एवं 09 लागू नहीं होंगे। **अर्थात डी एड द्वितीय वर्ष परीक्षा 2011 में शामिल हो रहे अभ्यार्थियों को डी एड परीक्षा उत्तीर्ण होने हेतु केवल दो अवसर ही प्राप्त होंगे।**

**ऑन लाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया :–**

(1) शासकीय एवं अशासकीय डी एड संस्थान **M.P. online** की वेबसाईट **www.mponline.gov.in** से आवेदन पत्र डाउन लोड करेगे। एम.पी. ऑन लाईन के कियोस्क पर जाकर संस्थान के प्राचार्य समस्त आवेदनों की प्रविष्टि करायेगें। प्रविष्टी उपरांत प्रत्येक आवेदन का प्रिन्ट आउट सादे कागज पर कियोस्क से प्राप्त करेगें। डाईट संस्थान संपूर्ण आवेदन पत्रों की ऑन लाईन प्रविष्टि का दायित्व संबंधित डाईट प्राचार्य का होगा।

(2) संबंद्वता प्राप्त अशासकीय डी एड संस्थान के नियमित परीक्षार्थी जो वर्ष 2010 में प्रथम वर्ष उत्तीर्ण हैं के आवेदन पत्र एम पी ऑन लाईन के कियोस्क के माध्यम से संस्था प्राचार्य द्वारा स्वयं प्रविष्ट कराये जायें किसी भी स्थिति में छात्र को कियोस्क पर नहीं भेजा जाए।

(3) पत्राचार द्वितीय वर्ष के अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र भी शासकीय डाईट संस्थान के प्राचार्य उपरोक्त प्रक्रियानुसार ही केवल ऑन लाईन आवेदन भरेगें। पत्राचार द्वितीय वर्ष के वही छात्र पात्र होंगे जिसने छात्र सम्पर्क कार्यक्रम में भाग लिया हो।

(4) पोर्टल पर उपलब्ध आवेदन पत्र की प्रति में प्रथम वर्ष के अनुक्रमांक की प्रविष्टि सावधानी पूर्वक अनिवार्य रूप से करेगें। इस आवेदन पत्र की समस्त पूर्ति उपरांत कियोस्क ऑन लाईन आवेदनों की प्रविष्टि करेगा।

(5) समस्त आवेदन पत्रों की प्रविष्टी उपरांत संस्था प्राचार्य कियोस्क से शुल्क एवं आवेदनों की पावती अवश्य प्राप्त करें एवं इसे अपने अभिलेख हेतु सुरक्षित रखें।

(7) द्वितीय वर्ष के परीक्षा आवेदन पत्र की प्रविष्टि करते समय **विषयों का चयन पूर्व पाठ्यक्रमानुसार** ही किया जाये।

(8) डी एड द्वितीय वर्ष की परीक्षा हेतु छात्रों का नाम/उपनाम/जन्मतिथि आदि प्रथम वर्ष की परीक्षानुसार ही मान्य किये जायेंगे। अतः ऑन लाईन फार्म में उक्त जानकारी प्रथम वर्ष की अंकसूची में अंकित अनुसार ही भरी जाये।

**नियमित/पत्राचार पाठ्यक्रम द्वितीय वर्ष 2011 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की शुल्क का विवरण निम्नानुसार है:–**

| नियमित परीक्षार्थियो हेतु | | |
|---|---|---|
| क्र | विवरण | राशि |
| 1 | परीक्षा शुल्क | 500/– |
| 2 | ग्राहयता शुल्क (राज्य के बाहर के परीक्षार्थियों के लिए) | 200/– |

| पत्राचार के परीक्षार्थियो हेतु | | |
|---|---|---|
| क्र | विवरण | राशि |
| 1 | शिक्षण शुल्क(प्रायोगिक शुल्क सहित) | 766/– |
| 2 | परीक्षा शुल्क | 500/– |
| 3 | अग्रेषण शुल्क | 15/– |

**एम पी ऑन लाईन के सेवा केन्द्र संचालक को शुल्क 20/– रूपये देय होगा।**

(9) ऑन लाईन फार्म की प्रविष्टि निकटस्थ एम पी ऑन लाईन के अधिकृत किसी भी निजी कियोस्क पर जाकर निर्धारित शुल्के एवं पोर्टल चार्जेस का नगद भुगतान करते हुए की जा सकती है। **अथवा** एम पी ऑन लाईन की वेबसाइट **www.mponline.gov.in** के माध्यम से क्रेडिट कार्ड से शुल्क का भुगतान करके भी आवेदन किया जा सकता है।

(डॉ. मधु खरे)
सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश,
भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक/196 /परीक्षा समन्वय/2010–11 भोपाल दिनांक: 04/06/2011

**प्रतिलिपि–**

1. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र, पुस्तक भवन, बी–विंग अरेरा हिल्स, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय,मध्यप्रदेश भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त ,जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
4. आंचलिक/समस्त संभागीय अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश।
5. समस्त, प्राचार्य, शासकीय/अशासकीय डी एड संस्थान मध्यप्रदेश।
6. समस्त, पंजीयक परीक्षा/सी एस ओ/जनसम्पर्क अधिकारी/विधि सहायक मा. शि मंडल म.प्र.।
7. समस्त, सहायक सचिव/कक्षाधिकारी परीक्षा/गोपनीय/डी एड सेल की ओर सूचनार्थ।
8. निज सचिव– अध्यक्ष/सचिव/अतिरिक्त सचिव/उपसचिव/वित्तीय सलाहकार माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
9. संचालक, एम पी ऑन लाईन मध्यप्रदेश भोपाल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश,
भोपाल